भारत का नं. 1 संस्थान
# कौटिल्य एकेडमी
सफलता का प्रवेश द्वार ...

**अनुक्रमांक / Roll No.**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

**परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक यहाँ लिखें।**
**Candidate should write his/her Roll No. here**

**कुल प्रश्नों की संख्या : 10**
**Total No. of Questions : 10**

**मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 06**
**No. of Printed Page : 06**

# M-2020-PAPER
# PAPER-V (FLT)
**18.09.2021**

**पूर्णांक : 200**
**Total Marks : 200**

1. इस प्रश्न-पत्र में कुल दस प्रश्न है। सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
2. प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने अंकित है।
3. प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका चयन आपने आवेदन पत्र में किया है। किसी अन्य माध्यम में लिखे गये उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेगा। सभी 03 प्रश्न करना अनिवार्य है।
4. जहाँ शब्द सीमा दी गई है उसका अवश्य पालन करें।
5. प्रश्न पत्र के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार दें। एक ही प्रश्न के विभिन्न भागों के उत्तर अनिवार्य रूप से एक साथ ही लिखे जायें तथा उनके बीच अन्य प्रश्नों के उत्तर न लिखे जायें।

**1. सभी प्रश्न करना अनिवार्य है : (20 × 3 = 60 अंक)**

**(a)** कार्यालयी भाषा के गुण क्या-क्या हैं ?

**(b)** परिपत्र क्यों लिखा जाता है ?

**(c)** करण व अपादान कारक में अन्तर ?

**(d)** पश्चिमी हिन्दी की तीन बोलीयों के नाम ?

**(e)** अच्छे अनुवाद के तीन गुण ?

**(f)** विसर्ग संधि किसे कहते हैं ?

**(g)** खड़ी बोली का विकास किस अपभ्रंश से हुआ है, तथा कहाँ-कहाँ बोली जाती है ?

**(h)** हिन्दी का पहला दैनिक समाचार पत्र कब/कहाँ तथा किसने निकाला ?

**(i)** हिन्दी के पहले कवि व ग्रंथ का नाम लिखो ?

**(j)** नागरी प्रचारिणी सभा की स्थापना व उद्देश्य, विज्ञान व तकनीकी शब्दावली आयोग की स्थापना कब व कहाँ की गई ?

**(k)** पारिभाषिक शब्द की तीन विशेषताएँ ?

**(l)** सच्चरित्रता में उपसर्ग व प्रत्यय को पृथक करें -

**(m)** प्रयोगमूलक हिन्दी किसे कहते हैं ?

**(n)** पल्लवन की तीन विशेषताएँ ?

**(o)** कार्यालय आदेश किसे कहते हैं ?

**(p)** 1992 के पहले अनुसूची 8 में कौन-सी भाषा जोड़ी गई थी ?

**(q)** क वर्ग की विषयावली लिखो ?

**(r)** द्विभाषा नीति से आप क्या समझते हो -

**(s)** टिप्पण और टिप्पणी में अंतर ?

**(t)** तालु से उच्चारित ध्वनियों को लिखो ?

**2.** जिला कार्यालय इन्दौर को एक कार्यालय आदेश लिखें जिसमें सर्दी के कारण प्राथमिक/माध्यमिक विद्यालयों के अवकाश का आदेश दिया गया हो ? **(15 अंक)**

**अथवा**

सरकारी व अर्द्धसरकारी पत्र में अन्तर प्रारूप सहित स्पष्ट करें ?

**3.** निम्नलिखित का हिन्दी में अंग्रेजी अनुवाद कीजिए - **(20 अंक)**

हम यह स्वीकार करते हैं कि आज देश में अनेक प्रकार की बुराईयाँ है। भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी का चारो ओर बोलबाला है और इस गंदे दलदल में साधारण जन ही नहीं बल्कि बड़े से बड़े उत्तरदायित्वपूर्ण शासनाधिकारी तक फंसे हुए है। इन दुर्गुणों का अन्त करना आवश्यक है किन्तु हम अपने छात्रों और नवयुवकों से निवेदन करना चाहते हैं कि यह कार्य विध्वंसात्मक कार्यों से नहीं अपितु रचनात्मक योजनाओं से ही पूर्ण हो जायेगा। बात यह है कि जहाँ तक भी संभव हो छात्रों को राजनीति आदि के कुचक्र में फँसकर अपनी शिक्षा में बाधा नहीं डालनी चाहिये। विद्या और ज्ञान मनुष्य की सबसे बड़ी सम्पतियाँ है और उन्हें खोकर मनुष्य ठोकरे खाने के अतिरिद्र और कुछ भी नहीं पा सकता। फिर भी यदि हमारे छात्रों और नवयुवकों को राष्ट्र-सुधार में रूचि है, तो हम बड़े ही हर्ष और अभिमान से उनका आव्हान करने में अग्रत है।

**अथवा**

लोकतंत्र अनुशासन, सहिष्णुता ओर पारस्पारिक सम्मान माँगता है। स्वतंत्रता की माँग है कि दूसरों की स्वतंत्रता का सम्मान किया जायें। लोकतंत्र में पारस्परिक विचार-विनियम और शंका-समाधान द्वारा दोषारोपण किये जाते हैं न कि हिंसक तरीकों द्वारा यदि किसी सरकार को लोक समस्त समर्थन प्राप्त नहीं है, तो अन्य सरकार, से लोक सम्मत समर्थन प्राप्त होता है, उसका स्थान ग्रहण कर लेती है। केवल वे छोटे दल जो जानते हैं कि उन्हें लोक सम्मत समर्थन प्राप्त नहीं हो सकता है, हिंसक तरीके अपनाते हैं। यह सर्वथा गलत नहीं, सर्वथा मूर्खतापूर्ण ही है।

**4.** **निम्नलिखित का अंग्रेजी से हिन्दी में अनुवाद कीजिए - (15 अंक)**

The press is a powerful instrument for moulding public opinion on various issues. We are greatly influenced by the editors discussions of current problems. Newpaper enable us to form judgements upon situations or events of national and internationa importance- The press keeps a vigilant eye on the activities of the government- Even the powerful leaders treat the press with countresy. They consider it eÛplain and clarify their policies and plans- The press can make their reputations by publishing favourable or unfavourable comments on their activities for this reason. Most of our ministers try to keep newspaper editors in good humour.

**Or**

We got freedom after a great revolution. Our constitution was draffed after revolution. Fortunately our constitution makes learnt a lesson from our past. So we have secularism- Everyman and woman of country have same rights. There is no two classes its facing the problem of regionalism today. Since there are different regions and languages in our country, so the social structure is very complex. People are loyal to their region. Their devotion to region is so strong and powerful that they ignores loyality to country. It is a dangerous situation. Our devotion should be towards our country. Regionalism is a narrow thinking. It is fatal for unity and development. Love for region is alright but it should be at the cost nationalism.

**5. निम्नलिखित का एक-तिहाई शब्दों में संक्षेपण कीजिए तथा रेखांकित पंक्तियों का भाव-पल्लवन अपने शब्दो में कीजिए। - (15 अंक)**

'धीर पुरूष का मन समुद्र के समान होता है। यह गम्भीर और अथाह होता हैं। समुद्र की तरह मर्यादा पालन में उसकी यह दशा है कि आनन्द और ऐश्वर्य रूपी अनेक नद-नदियां उसमें गिरती है, पर क्या मजाल जो वह जरा भी मर्यादा का उल्लंघन करें। उसकी परिपूर्णता को देखिए। तप रूपी सूर्य उसमें दिन-रात तपस्या करते है, यही नहीं, चिन्ता रूपी विचार-वाड़वाग्नि दिन-राज उसमें जला करती है, पर उसमें जरा भी कमी नहीं होती। साथ ही समय उसमें उसमें कोई तूफान आता है, उस समय किसकी मजाल है जो उसे रोक सके, यह नहीं कि इधर पानी बरसा उधर पहाड़ी नदी उबल पड़ी। बीच में हाथी भी पड़ा तो बह चला। पर थोड़ी देर से पानी नदारद। हाथी ज्यों का त्यों बच गया।

**6.** हाल में हुए राष्ट्रीय फिल्मोत्सव पर प्रतिवेदन लिखो ? **(15 अंक)**

**अथवा**

किसी दीक्षांत समारोह पर प्रतिवेदन लिखो ?

**7. कोई पाँच प्रश्न करना अनिवार्य है - (5 × 3 = 15 अंक)**

**(a)** देव्यागमन का संधि विच्छेद व नाम ?

**(b)** युद्धभूमि का समास विग्रह व नाम ?

**(c)** सम् + उत्पाद संधि बताएँ ?

**(d)** संधि व समास में तीन समानताएँ ?

**(e)** अश्व व अश्म का अर्थ ?

**(f)** बाण के तीन पर्यायवाची लिखो ?

**(g)** प्रकृति का विलोम शब्द ?

**(h)** उद्धरण चिह्न कितने प्रकार के होते हैं ?

**8. पाँच प्रश्न करें - (5 × 3 = 15 अंक)**

**(a)** हाथ के तोते उड़ना।

**(b)** उल्टी गंगा बहाना।

**(c)** गंगा गए गंगादास, जमुना गए जमुनादास।

**(d)** अन्धे के हाथ बटेर लगना।

**(e)** आँखों में सरसों फूलना।

**(f)** गूलर का फूल होना।

**(g)** छाती पर साँप लोटना।

**9. निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (15 अंक)**

आधुनिक मानव समाज में एक ओर विज्ञान को भी चकित कर देने वाली उपलब्धियों से निरंतर सभ्यता का विकास हो रहा है, तो दूसरी ओर मानव मूल्यों का ह्रास होने से उत्तरोत्तर गूढ होती जा रही है। अनेक सामाजिक और आर्थिक समस्याओं का शिकार आज मनुष्य विवेक और ईमानदारी को त्याग कर भौतिक स्तर से ऊँचा उठने का प्रयत्न कर रहा है। वह सफलता पाने की लालसा में उचित और अनुचित की चिंता नहीं करता। उसे तो बस बाह्य को पाने की प्रबल इच्छा रहती है। ऐश्वर्य की प्राप्ति के लिए वह भयंकर अपराध करने में भी संकोच नहीं करता।। वह इनके नित नए नए रूपों की खोज करने में अपनी बुद्धि का अपव्यय कर रहा है। आज हमारे सामने यह प्रमुख समस्या है कि इस अपराधा वर्षत्ति पर किस नैतिक मूल्यों को तिलांजलि देकर समाज के सुख की कामना करना स्वप्न मात्र है।

**1.** मनुष्य आज किन समस्याओं का शिकार है?

**2.** भौतिक स्तर से ऊँचा उठने के लिए मनुष्य क्या कर रहा है?

**3.** नैतिक मूल्य क्या है?

**4.** आधुनिक मनुष्य की प्रबल इच्छा क्या करती है?

**5.** किन चीजों को त्यागकर समाज के सुख की कामना करना व्यर्थ है?

**10.** **निम्नलिखित अंग्रेजी शब्दों मे से किन्हीं पाँच के हिन्दी परिभाषिक रूप लिखिए - (15 अंक)**

(i) Quarterly (ii) Surplus (iii) Treasury

(iv) Verification (v) Buffer stock (vi) Commerce

(vii) Reminder (viii) Withdrawal form (ix)Acceptance

(x) Credit

**अथवा**

**निम्नलिखित शब्दों मे से किन्हीं पाँच के अंग्रेजी परिभाषिक रूप लिखिए :**

(i) **मताधिकार** (ii) दूतावास

(iii) राज-पत्र (iv) न्यायिक अधिकार

(v) संशोधान (vi) अनुमोदन

(vii) निर्वाचन (viii) पदेन

(ix) महाभियोग (x) मुहर

KAUTILYA ACADEMY INDORE